संख्या-113/2015/2964/14-1-2015-19/2013

प्रेषक,

प्रमुख सचिव,
वन विभाग
उत्तर प्रदेशा शासन।

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

वन अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक 18 नवम्बर, 2015

विषय:- भारतीय वन सेवा, उ0प्र0 संवर्ग हेतु पदों का सृजन/उच्चीकरण।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतीय वन सेवा (कैडर) नियमावली, 1966 के प्रस्तर-4(2) में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत माननीय राज्यपाल भारतीय वन सेवा उ0प्र0 संवर्ग में निम्नलिखित तालिका में अंकित पदों के विवरण/वेतनमान के अनुसार अस्थायी 14 पदों का सृजन/उच्चीकरण की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

अ- अपर प्रमुख वन संरक्षक

क्र0 सं0	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान	अभ्युक्ति
1.	अपर प्रमुख वन संरक्षक (निदेशक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान-कानपुर)	01	रू0 67,000 (वार्षिक वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत की दर से) 79,000	मुख्य वन संरक्षक (निदेशक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, कानपुर) के 2009 में पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत पद का उच्चीकरण।
2	अपर प्रमुख वन संरक्षक (निदेशक वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर)	01	रू0 67,000 (वार्षिक वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत की दर से) 79,000	मुख्य वन संरक्षक (निदेशक, वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर) के 2009 में पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत पद का उच्चीकरण।
3.	अपर प्रमुख वन संरक्षक, आगरा जोन आगरा, आगरा एवं अलीगढ वृत्त	01	रू0 67,000 (वार्षिक वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत की दर से) 79,000	मुख्य वन संरक्षक (आगरा जोन आगरा) के 2009 में पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत पद का उच्चीकरण।
4.	अपर प्रमुख वन संरक्षक, पौधशाला प्रबन्धन, लखनऊ	01	रू0 67,000 (वार्षिक वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत की दर से) 79,000	गुणात्मक पौध तैयार करने तथा जेनेटिकली सुपीरियर सिडलिंग की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु नये पद का सृजन।
5.	अपर प्रमुख वन संरक्षक, प्रोजेक्ट टाइगर, लखनऊ	01	रू0 67,000 (वार्षिक वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत की दर से) 79,000	प्रदेश में तीन वन क्षेत्र व्याघ्र परियोजना में अधिसूचित हो जाने के कारण भारत सरकार से समन्वय स्थापित करने तथा परियोजना क्षेत्र के सतत् विकास हेतु नये पद का सृजन।

http://shasanadesh.up.nic.in

6.	अपर प्रमुख वन संरक्षक, जलागम प्रबन्धन/ग्रीन इण्डिया मिशन लखनऊ	01	रू0 67,000 (वार्षिक वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत की दर से) 79,000	भारत सरकार द्वारा प्रचलित ग्रीन इण्डिया के सफल क्रियान्वयन तथा गिरते भू-जलस्तर को रोकने हेतु नये पद का सृजन।

ब- <u>मुख्य वन संरक्षक</u>

क्र0सं0	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान	अभ्युक्ति
1.	मुख्य वन संरक्षक/वन वर्धनिक, कानपुर	01	पे बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000 ग्रेड पे रू0 10,000/	यह पद वर्ष 2009 में पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत है। पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत वन संरक्षक के पद का उच्चीकरण।
2	मुख्य वन संरक्षक/वन वर्धनिक, बरेली	01	पे बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000 ग्रेड पे रू0 10,000/	यह पद वर्ष 2009 में पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत है। पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत वन संरक्षक के पद का उच्चीकरण।
3.	मुख्य वन संरक्षक/वन वर्धनिक, वाराणसी	01	पे बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000 ग्रेड पे रू0 10,000/	यह पद वर्ष 2009 में पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत है। पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत वन संरक्षक के पद का उच्चीकरण।
4	मुख्य वन संरक्षक, राज्य प्राणि उद्यान प्राधिकरण उ0प्र0 लखनऊ	01	पे बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000 ग्रेड पे रू0 10,000/	राज्य चिड़ियाघर प्राधिकरण को सुदृढीकरण करने हेतु नये पद का सृजन।
5	मुख्य वन संरक्षक/वन उपयोग अधिकारी, उत्पादन लखनऊ	01	पे बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000 ग्रेड पे रू0 10,000/	उप वन संरक्षक स्तर के नि:सवंर्गीय पद का उच्चीकरण, जिससे वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारियों का योगदान प्राप्त हो सके।

स- <u>वन संरक्षक</u>

क्र0सं0	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान	अभ्युक्ति
1	वन संरक्षक/स्टाफ आफिसर, प्रमुख वन संरक्षक एवं हेड ऑफ फारेस्ट फोर्स लखनऊ	01	पे बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000 ग्रेड पे रू0 8,900	वर्ष 2009 में पिछले संवर्ग पुनरीक्षण में स्वीकृत प्रमुख वन संरक्षक के लिए उप वन संरक्षक के पद का उच्चीकरण, जिससे वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारी का योगदान प्रमुख वन संरक्षक एवं हेड ऑफ फारेस्ट फोर्स को दिन-

http://shasanadesh.up.nic.in

				प्रतिदिन के राजकीय कार्यो के समयबद्ध एवं दक्षतापूर्ण निस्तारण में प्राप्त हो सके।
2	वन संरक्षक, कोर्ट केस,उ0प्र0 इलाहाबाद तथा नोएडा	01	पे बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000 ग्रेड पे रू0 8,900	नया पद। मा0 न्यायालय में विभिन्न प्रकार के वादों/अवमाननावादों आदि में उल्लेखनीय वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए त्वरित एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के उदद्ेश्य से उप वन संरक्षक के एक नि:संवर्गीय पद को उच्चीकृत कर वन संरक्षक का नया पद है।
3	वन संरक्षक, वन्य जीव एवं अपराध अनुसंधान, नोएडा	01	पे बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000 ग्रेड पे रू0 8,900	वन एवं वन्य जीव के संगठित अपराध के अनुसंधान हेतु एस0आई0टी0, सी0बी0आई0 तथा अन्य जांच एजेन् ियों के साथ सहयोग कर अपराध की रोकथाम करने हेतु एक नये पद का सृजन।

2- उपर्युक्त पदों के धारको को उनके संगत वेतनमानों में शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अन्तर्गत महंगाई भत्ता व अन्य भत्ते, जो अनुमन्य हो, देय होंगे।

3- उपर्युक्त पद के उपयोग में लाये जाने की तिथि से अथवा इन आदेशों के जारी होने की तिथि, जो भी बाद में हो, से उनके सम्मुख वेतनमान में दिनांक 29.02.2016 तक के लिए इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है कि ये उक्त पद निदिष्टि तिथि के पूर्व भी बिना किसी सूचना के समाप्त किये जा सकते हैं।

4- उक्त पदों में से मुख्यालय स्तर के पदो के सन्दर्भ में होने वाला व्यय अनुदान संख्या-60 के लेखा शीर्षक-2406-वानिकी तथा वन्यजीव, 01-वानिकी, 001-सामान्य निदेशन तथा प्रशासन, 03-निदेशक,00, तथा वन विभागके फील्ड स्तर के पदों के संदर्भमें होने वाला व्यय अनुदान संख्या-60 के लेखाशीर्षक-2406-वानिकी तथा वन्यजीव, 01-वानिकी, 001-सामान्य निदेशन तथा प्रशासन, 04-अधिष्ठान, 00 नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या:-ई-7-942/दस-15, दिनांक 16 नवम्बर, 2015. में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(संजीव सरन)
प्रमुख सचिव।

संख्या:-2964(1)/14-1-2015 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली।

2- प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव उ0प्र0 लखनऊ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद/केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0, लखनऊ।

5- वन अनुभाग-4

6- सम्बन्धित सहायक समीक्षा अधिकारी, वन अनुभाग-1 को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0वी0 सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in